# मध्य प्रदेश ने रोइंग में जीते दो स्वर्ण, दो रजत और तीन काँस्य पदक

## चर्चा में क्यों?

9 फरवरी, 2023 को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 में मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने रोइंग में दो स्वर्ण, दो रजत और तीन काँस्य सहित कुल सात पदक जीते।

## प्रमुख बिंदु

- राजधानी भोपाल के बड़े तालाब पर रोइंग में बालिका वर्ग के सिंगल स्कल में मध्य प्रदेश की मोनिका भदौरिया ने स्वर्ण पदक जीता।
- रोइंग की बालिका डबल स्कल में मध्य प्रदेश की संतोष यादव और जिज्ञासा रेगर की जोड़ी ने रजत पदक प्राप्त किया।
- रोइंग के बालक वर्ग के सिंगल स्कल में मध्य प्रदेश के प्रभाकर राजावत ने रजत पदक जीता।
- रोइंग के डबल स्कल में मध्य प्रदेश के अंकित सेधव और हरिओम ठाकुर की जोड़ी ने रजत पदक जीता।
- रोइंग के कॉक्लेस पेयर में मध्य प्रदेश के गोपाल ठाकुर और योगेश ठाकुर की जोड़ी ने रजत पदक जीता।
- रोइंग के कॉक्लेस फोर में मध्य प्रदेश के छोटूनाथ, बंटी सेंधव, वेदांश और धीरज वर्मा ने काँस्य पदक जीता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-won-two-gold-two-silver-and-three-bronze-medals-in-rowing